ई मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण / अनुस्मारक

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / अनु0–6 / समसेमे0परी0 / जनवरी–2023 / 11580 लखनऊः दिनांकः 19-01-2023

विषयः परिषद द्वारा आयोजित आगामी विषम सेमेस्टर परीक्षा–जनवरी–2023 / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा–2023, में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भराये जाने की अन्तिम तिथि बढ़ाये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्रांक संख्या प्राशिप / अनु0–6 / वि0सेमे0परी0 / जनवरी–2023 / 11461 दिनांक 16 / 01 / 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा–2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदनपत्र भराये जाने की अन्तिम तिथि 14 / 01 / 2023 निर्धारित की गयी थी।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि छात्र हित के दृष्टिगत छूटे हुए छात्र / छात्राओं को अन्तिम अवसर देते हुए ऑनलाइन परीक्षा आवेदनपत्र भराये जाने की अन्तिम तिथि 20–01–2023 से 23–01–2023 तक निर्धारित की जा रही है। अतः प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्तानुसार ऑनलाइन आवेदनपत्रों की प्रविष्टि का कार्य दिनांक 23–01–2023 तक प्रत्येक स्थिति में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उपरोक्त निर्धारित तिथि 23–01–2023 के पश्चात किसी भी दशा में तिथि विस्तारित नहीं की जायेगी। अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित संस्थान का होगा।

भवदीय,

(अनूप कुमार पटेल)
संयुक्त सचिव
कृते सचिव।

पृ0सं0ः प्राशिप / अनु0–6 / समसेमे0परी0 / जून–2022 / 11581-83 तद्दिनांकः 19-01-2023
प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अनूप कुमार पटेल)
संयुक्त सचिव
कृते सचिव।